St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Text: (2nd Term) **(Answer Worksheet -10)** **Date: 20.08.2020**
Topic: दिलवाड़े के मंदिर **Class -4**

निम्न प्रश्नो के उत्तर लिखो :-

1 इस पाठ में किसके बारे में , किसने बताया है ?

उ- इस पाठ में यात्रा का वर्णन है | लेखक ने यहाँ अपने यात्रा के अनुभव बताये हैं | उन्होंने माउन्ट आबू में स्थित दिलवाड़े के मंदिर की यात्रा की है | इस पाठ में लेखक ने मार्ग के दृश्य का वर्णन किया है | उन्होंने जैन मंदिरों की कला के बारे में भी बताया है |

2 माउन्ट आबू और उसके आस - पास का वर्णन करो |

उ- लेखक बस से माउन्ट आबू गए | माउन्ट आबू समुन्द्र तल से लगभग 1700 मीटर की ऊंचाई पर है | रास्ते में चारों ओर हरियाली छाई हुई थी | हरी - भरी पहाड़ियां मन को प्रसन्न कर रही थी | शीतल हवा चल रही थी , जिसने यात्रा की सारी थकान मिटा दी |

3 लेखक ने पहले ' नक्की ताल ' देखने का निश्चय क्यों किया ?

उ- बस से उतरकर लेखक चाय पीने लगे | फिर वहीँ आस - पास देखने के लिए जानकारी ली | पूछताछ करने पर पता चला कि दर्शनीय स्थानों में दिलवाड़े के जैन मंदिर प्रमुख हैं | मंदिर बारह बजे से पहले नहीं खुलते थे | अतः लेखक ने पहले 'नक्की ताल' देखने का निश्चय किया |

4 नक्की ताल के बारे में लिखो |

उ- नक्की ताल एक अच्छी खासी झील थी | ताल में एक ओर सीढ़ियां बनी हुई थी | कुछ लोग ताल की सीढ़ियों पर ही नहा रहे थे | ताल के किनारे हरे - भरे पेड़ थे | लेखक ने वहीँ एक पेड़ के नीचे बैठकर भोजन किया |

Poonam Mehra